दिनांकः 27.11.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पर्यटन क्षेत्र में अनेक लोगों के जीवन में समृद्धि लाने की क्षमता है। केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के सोशल मीडिया पोस्ट को शेयर करते हुए श्री मोदी ने कहा कि सरकार देश के पर्यटन बुनियादी ढांचे को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। गौरतलब है केन्द्र सरकार ने देश में प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों को वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित करने के लिए लगभग 3 हजार 300 करोड़ रुपये की 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इनमें राजस्थान के पर्यटन विभाग से संबंधित क़रीब 145 करोड़ रुपये की दो बड़ी परियोजनाएं भी शामिल हैं। इसके तहत आमेर और नाहरगढ़ के विकास के लिए 49 करोड़ 31 लाख रुपये और जल महल क्षेत्र के विकास के लिए 96 करोड़ 61 लाख रुपये खर्च किये जाएंगे।

000

केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय के ट्राइफेड की ओर से आयोजित आज से जयपुर में आदि महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष में इस महोत्सव में देशभर के जनजातीय कारीगर और शिल्पकार अपने हस्तनिर्मित उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। ट्राइफेड के क्षेत्रीय प्रबंधक संदीप शर्मा ने बताया कि दस दिन के इस महोत्सव का उद्‌घाटन राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े करेंगे। इस दौरान जनजातीय क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी और जयपुर ग्रेटर नगर निगम की महापौर सौम्या गुर्जर भी मौजूद रहेंगी। महोत्सव में 200 से अधिक जनजातीय कारीगरों और शिल्पकारों को अपने उत्पादों को बेचने के लिए एक सशक्त मंच मिलेगा। महोत्सव में इन उत्पादों को 120 स्टॉल्स पर प्रदर्शित किया जाएगा। राजस्थान के अलावा हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ, उत्तराखंड और नॉर्थ ईस्ट के जनजातीय कारीगर और शिल्पकार भाग ले रहे हैं। इस दौरान जनजातीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। इस महोत्सव के आयोजन का उद्देश्य जनजाति समुदाय का उत्थान करना है।

000

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में रात के तापमान में कुछ और कमी आने से विभिन्न स्थानों पर सर्दी का असर बढ़ गया है। मौसम विभाग के अनुसार आज सबसे कम 6 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान सीकर के फतेहपुर में दर्ज किया गया। इसके अलावा अन्य स्थानों पर भी तापमान में कमी आई है। अधिकतर स्थानों पर रात का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के आस–पास बना हुआ है। राजधानी जयपुर में पारा 2 डिग्री लुढक कर 12 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। प्रदेश के एकमात्र पर्वतीय पर्यटन स्थल माउंट आबू में न्यूनतम तापमान में थोडी बढ़ोतरी हुई। वहां 7 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ।

000

रेल्वे ने अतिरिक्त यात्री भार के मद्देनजर पांच विशेष रेलगाडियां चलाने की अवधि बढ़ा दी है। उत्तर–पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि बीकानेर शिर्डी के बीच चलने वाली विशेष रेलगाड़ी के दो फेरे बढ़ा दिये हैं। इसी तरह हिसार–तिरूपति स्पेशल ट्रेन के भी दो फेरे दोनों तरफ के बढाए गए हैं। हिसार–हडपसर–पुणे ट्रेन के तीन फेरे अतिरिक्त होंगे। अजमेर से सोलापुर और अजमेर से दौड़ के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन के भी दोनों तरफ से दो अतिरिक्त ट्रिप होंगे।

000

देशभर में चल रहे बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों में कई जागरुकता कार्यक्रम हो रहे हैं। इसी कड़ी में जैसलमेर में अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न आयोजन किये जा रहे हैं। खलीफो की ढाणी में शिक्षा और साक्षरता को बढ़ावा देने और बच्चों को शिक्षित करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके अलावा लोगों को बाल विवाह से होने वाले नुकसान की जानकारी दी जा रही है।

000

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग जल्द ही स्नातक छात्रों के लिए डिग्री पाठ्यक्रमों की अवधि कम करने या उसे बढ़ाने का विकल्प प्रदान करेगा। आयोग ने त्वरित और विस्तारित डिग्री कार्यक्रम के लिए मानक प्रचालन प्रक्रियाओं को मंजूरी दे दी है। आयोग के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने मीडिया को बताया कि त्वरित डिग्री कार्यक्रम से छात्र को प्रति सेमेस्टर अतिरिक्त क्रेडिट अर्जित करके कम समय में तीन साल या चार साल की डिग्री हासिल कर सकेंगे।

000